प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 04.04.2026

➢ **थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये अवैध असलाह-कारतूस के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 04.04.2026 को थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, तलाश वांछित/ वारण्टी अभियुक्त रवाना होकर थाना क्षेत्र में ग्राम गोगूमऊ होते हुए ग्राम दुलारी की ओर जा रहे थे, तभी ग्राम मन्नापुर जाने वाले मोड़ पर बनी पुलिया के पास एक व्यक्ति ग्राम दुलारी की ओर से सरकारी गाड़ी की रोशनी में आता दिखा। हम पुलिस वालों की सरकारी गाड़ी को देखकर ठिठका और मुड़कर ग्राम मन्नापुर की ओर जाने बाले खंडजे की ओर मुड़ा और तेज कदमों से चलने लगा। तभी संदिग्ध प्रतीत हुआ। हम पुलिस वालों ने सरकारी गाड़ी पुलिया के पास ही रोककर अपने साथ में लिये टार्च की रोशनी में आगे बढ़कर ग्राम मन्नापुर की ओर तेज कदमो से जा रहे, इस व्यक्ति को पुलिया से लगभग 20 कदम की दूरी पर पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुये जामा तलाशी ली गई व अचानक भागने का कारण पूछा तो इसने अपना नाम शत्रुघन सिंह उर्फ टीपू पुत्र जीतेंद्र सिंह निवासी ग्राम करसा थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात बताया, इसकी जामा तलाशी से 01 अवैध तमंचा देशी 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस अवैध 315 बोर बरामद हुआ। अवैध शस्त्र/ कारतूस की बरामदगी के आधार पर अभियुक्त को हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त की गिरफ्तार व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गजनेर पर मु0अ0सं0 85/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण-

1.शत्रुधन सिंह उर्फ टीपू उम्र करीब 48 वर्ष पुत्र जीतेन्द्र सिंह निवासी ग्राम करसा थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी

01 अवैध तमंचा 315 बोर

02 अवैध जिन्दा कारतूस 315 बोर

अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 0085/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात।
2. मु0अ0सं0 153/2004 धारा 18/20 एनडीपीएस एक्ट थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात।
3. मु0अ0सं0 0593/2019 धारा 380/411/457 भादवि0 थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली थाना गजनेर पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री शोभित कटियार
2. का0 843 जयकुमार
3. का0 357 राजेश कुमार